भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 3706**

जिसका उत्तर 23.03.2023 को दिया जाना है

**गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे**

3706. डॉ. आलोक कुमार सुमन:
श्री सुनील कुमार सिंह:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे/राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास का कार्य आरंभ हो गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस प्रयोजनार्थ भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी कर ली है और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त एक्सप्रेसवे उत्तरी बिहार से होकर गुजरेगा; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बिहार के गोपालगंज जिले में इसकी कितनी लंबाई होगी और यह किन-किन क्षेत्रों से होकर गुजरेगा?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) गोरखपुर-सिलीगुड़ी भारतमाला परियोजना के दूसरे चरण के तहत प्रस्तावित है, जिसे अभी मंजूरी नहीं मिली है। सरकार द्वारा परियोजना के अनुमोदन के बाद भूमि अधिग्रहण सहित पूर्व निर्माण गतिविधियां शुरू की जाएंगी।

*****